प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

06.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9:20 बजे

राष्ट्रपति दौरा

हिमाचल प्रवास के तीसरे दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज धर्मशाला स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगी। इस दौरान वह मेधावी विद्यार्थियों को उपाधियों से सम्मानित करेंगी। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल सहित अन्य गणमान्य लोग समारोह में मौजूद रहेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफैसर सत प्रकाश बंसल ने बताया कि दीक्षांत समारोह को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस समारोह में विभिन्न विभागों के 30 मेधावियों को स्वर्ण पदक, 11 शोधार्थियों को डॉक्टरेट की उपाधि जबकि कुल 7 सौ 9 विद्यार्थियों को डिग्रियां आबंटित की जाएंगी। इस बीच, राष्ट्रपति के दौरे को लेकर कांगड़ा जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

चुनाव प्रचार

प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनाव व छह विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार जोर पकड़ रहा है। दोनों प्रमुख दल भाजपा और कांग्रेस के बीच आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी है और पार्टी के वरिष्ठ नेता अपने–अपने प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं। इस कड़ी में भाजपा के वरिष्ठ नेता, केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार अनुराग ठाकुर आज ऊना व हरोली मंडल के पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भाग लेंगे। उनके साथ प्रदेश लोकसभा चुनाव प्रभारी श्रीकांत शर्मा भी मौजूद रहेंगे। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर मंडी जिला के सिराज मंडल के जंजैहली और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल पांवटा साहिब में पन्ना पमुख सम्मेलन को संबोधित करेंगे। दूसरी ओर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज अपने गृह विधानसभा क्षेत्र नादौन में चुनाव प्रचार करेंगे। शिमला संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी के लिए लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह अपने विधानसभा क्षेत्र शिमला ग्रामीण में प्रचार करेंगे।

कांग्रेस टिकट

प्रदेश में विधानसभा की छह सीटों पर पहली जून को होने वाले उपचुनाव को लेकर कांग्रेस हाईकमान ने लाहौल–स्पीति और बड़सर सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। लाहौल–स्पीति से अनुराधा राणा और बड़सर से सुभाष चंद को पार्टी ने अपना प्रत्याशी बनाया है। बीती रात कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से प्रत्याशियों की सूची जारी हुई है। अनुराधा राणा वर्तमान में लाहौल–स्पीति जिला परिषद की अध्यक्ष हैं। वहीं सुभाष चंद भी जिला परिषद सदस्य रह चुके हैं और वर्तमान में जिला कांग्रेस के कोषाध्यक्ष हैं।

कांग्रेस की ओर से अब धर्मशाला सीट पर प्रत्याशी घोषित किया जाना बाकी है। दूसरी तरफ भाजपा सभी छह सीटों पर अपने प्रत्याशी पहले ही घोषित कर चुकी है।

अधिसूचना

प्रदेश में पहली जून को होने वाले लोकसभा चुनाव और विधानसभा उप चुनाव के लिए अब एक महीने से भी कम समय रह गया है। निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव को लेकर सात मई को अधिसूचना जारी की जाएगी और इसी दिन से नामांकन पत्र भरने की प्रकिया शुरू होगी जो 14 मई तक चलेगी। अगले दिन 15 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी और इच्छुक उम्मीदवार 17 मई तक नाम वापिस ले सकेंगे।

एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....

आज समाचार पत्रों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रदेश दौरे से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला की सुर्खी है–तारादेवी मंदिर में पंक्ति में बैठाकर राष्ट्रपति को भंडारा परोसने की तैयारी–कल मंदिर जाकर करेंगी पूजा अर्चना। पंजाब केसरी के शब्द हैं–आज 709 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान करेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। जबकि दैनिक भास्कर का शीर्षक है–राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज धर्मशाला में सीयू के दीक्षांत समारोह में स्टूडेंट्स को बांटेंगी डिग्रियां। हिमाचल दस्तक का कहना है–राष्ट्रपति मुर्मू सीयू के दीक्षांत समारोह में होंगी शामिल, चामुंडा मंदिर में टेकेंगी माथा। दैनिक जागरण के अनुसार–द्रौपदी मुर्मू ने सराहा जल ग्रहण अभयारण्य सियोग।

दिव्य हिमाचल ने खबर दी है–आस्था के महाकुंभ में नेताओं की हाजिरी–राधास्वामी सत्संग ब्यास प्रमुख से मिलने सीएम सुक्खू सहित पहुंचे कई नेता। इसी समाचार पत्र के मुताबिक लोकसभा चुनाव में पहली बार वोट डालेंगे 23 हजार 8 सौ 70 मतदाता।

दैनिक सवेरा टाइम्स ने भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के हवाले से लिखा है–भाजपा की नीतियों से हिमाचल में फला–फूला उद्योग।

विधानसभा उपचुनाव पर अमर उजाला की सुर्खी है–कांग्रेस ने लाहौल–स्पीति से अनुराधा, बड़सर से सुभाष को बनाया प्रत्याशी। इसी समाचार पत्र की एक अन्य खबर है–आईजीएमसी में तीन साल बाद फिर होंगे किडनी ट्रांसप्लांट।

दैनिक भास्कर लिखता है–प्रदेश में सीए स्टोर और फूड प्रोसेसिंग यूनिट के लिए अब शिवा प्रोजेक्ट से होगी फंडिंग। हिमाचल दस्तक की एक खबर है–इस साल केंद्र से 23 हजार 4 सौ 13 करोड़ की ग्रांट अनुमानित–छह हजार दो सौ करोड़ के लोन से दिसंबर तक चलाना है काम।

मौसम पर आपका फैसला की सुर्खी है—प्रदेश में आठ तक साफ रहेगा मौसम, 9 और 10 मई को बारिश के आसार। दैनिक भास्कर के अनुसार—तपने लगे पहाड़, 15 शहरों का पारा 35 डिग्री के पार।

धर्मशाला में आईपीएल मैच पर पंजाब केसरी का शीर्षक है—पंजाब के होम ग्राऊंड में धोनी—धोनी के नारे। आपका फैसला के शब्द हैं—पंजाब को रौंदकर चेन्नई ने लगाई लंबी छलांग, टॉप थ्री में पहुंची।